# वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर

## प्रेस–विज्ञप्ति

एतद्द्वारा समस्त सम्बन्धित हो सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा सम्पन्न करायी गयी **मुख्य परीक्षा 2021 हेतु आवेदन करने से वंचित एवं बैकपेपर/अंकसुधार परीक्षा– 2021 के आवेदन पत्र** भरने के सम्बन्ध में निम्न व्यवस्थायें सुनिश्चित की जाती है–

| क्र.सं. | कार्यक्रम | निर्धारित तिथि |
|---|---|---|
| 1 | आनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र अपलोड करने हेतु निर्धारित तिथि | दिनांक : 30.10.2021 से 12.11.2021 तक |
| 2 | महाविद्यालयों द्वारा फार्म संशोधन एवं सत्यापन (Verification) हेतु निर्धारित तिथि | दिनांक : 13.11.2021 से 14.11.2021 तक |
| 3 | शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि– (मुख्य परीक्षा, बैकपेपर/अंकसुधार शुल्क वित्त अधिकारी, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर के खाता संख्या– 4539000100038627 में जमा होगा। बैंक का आई.एफ.एस.सी. कोड– **PUNB 0453900** है। शुल्क आनलाईन/ आर0टी0जी0एस0 द्वारा ही जमा होगा)। | दिनांक : 15.11.2021 से 16.11.2021 तक |
| 4 | महाविद्यालयों द्वारा मुख्य परीक्षा, बैकपेपर/अंकसुधार आनलाईन परीक्षा शुल्क एवं आनलाईन आवेदन पत्रों की हार्ड कापी, नामिनल रोल एवं संख्या सूचक तीन प्रतियों में विश्वविद्यालय कार्यालय में जमा करने की निर्धारित तिथि | दिनांक : 17.11.2021 से 18.11.2021 तक<br>**नोट– संख्या सूचक देने पर ही फार्म जमा होगा।** |
| 5 | मुख्य परीक्षा, बैकपेपर/अंकसुधार परीक्षा 2021 प्रारम्भ होने की तिथि | परीक्षा तिथि : 26.11.2021 से प्रारम्भ |

परीक्षा नियंत्रक

---

## बैकपेपर/अंकसुधार परीक्षा– 2021 हेतु दिशा–निर्देश

1. शैक्षणिक सत्र नियमित किये जाने, समयान्तर्गत मूल्यांकन एवं परिणाम घोषित किये जाने के दृष्टिगत आवेदन की तिथि किसी भी दशा में विस्तारित नहीं की जायेंगी। अतएव निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार समस्त कार्यवाही पूर्ण करना सुनिश्चित करें।
2. बैकपेपर/अंकसुधार परीक्षा हेतु परीक्षा शुल्क रू0 600/– (छः सौ मात्र ) प्रति प्रश्नपत्र है।
3. मुख्य परीक्षा 2021 के बी0ए0 द्वितीय एवं तृतीय वर्ष, बी0काम0 द्वितीय एवं तृतीय वर्ष, बी0एस–सी0 द्वितीय एवं तृतीय वर्ष , बी0एस–सी0 (कृषि) तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष के उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित परीक्षार्थी मुख्य परीक्षा 2021 में सम्पन्न करायी गई परीक्षा के समस्त प्रश्न पत्रों अथवा चुने हुए प्रश्न पत्रों में बैकपेपर/अंकसुधार परीक्षा हेतु आवेदन कर सकते हैं।
4. स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष परीक्षा 2021 के उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित परीक्षार्थी मुख्य परीक्षा 2021 में सम्पन्न करायी गई परीक्षा के समस्त प्रश्न पत्रों अथवा चुने हुए प्रश्न पत्रों में बैकपेपर/अंकसुधार परीक्षा हेतु आवेदन कर सकते हैं।
5. मुख्य परीक्षा 2021 में सम्मिलित इच्छुक छात्र बैकपेपर/अंकसुधार परीक्षा हेतु आवेदन करना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त उन्हें बैकपेपर/अंकसुधार परीक्षा हेतु कोई अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा।
6. परीक्षार्थी बैक पेपर/अंकसुधार परीक्षा में यदि मुख्य परीक्षा से कम अंक प्राप्त करता है तो उसे मुख्य परीक्षा का ही अंक प्रदान किया जायेगा।
7. बैकपेपर/अंकसुधार परीक्षा में छात्रों के उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण होने के सम्बन्ध में मुख्य परीक्षा का ही नियम लागू होगा।
8. कोविड–19 की समस्या को दृष्टिगत मुख्य परीक्षा सत्र 2020–21 के स्नातक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष तथा स्नातकोत्तर उत्तरार्ध/अंतिम वर्ष के जो परीक्षार्थी आवेदन फार्म आन लाईन करने से वंचित रह गये हैं, वे भी मुख्य परीक्षा हेतु आवेदन कर सकते हैं। यह व्यवस्था इसी वर्ष के लिए प्रभावी है।
9. इस परीक्षा में प्रथम बार सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों को बैक पेपर की सुविधा नहीं दी जायेगी।

पत्रांक : 564 / बैक पेपर / 2021 दिनांक 28/10/2021

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. विशेष कार्याधिकारी कुलपति, मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
2. आशुलिपिक वित्त अधिकारी, वित्त अधिकारी जी को सूचनार्थ।
3. आशुलिपिक कुलसचिव, कुलसचिव जी को सूचानार्थ।
4. सम्पादक, दैनिक समाचार पत्र ........................................ को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया अपने सम्मानित समाचार पत्र के आगामी अंक में किसी ऐसे पृष्ठ पर जो पूर्वान्चल के समस्त जनपदों में पहुँचता हो, छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
5. प्रभारी / अधीक्षक, परीक्षा / गोपनीय / अतिगोपनीय विभाग / उत्तरपुस्तिका को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6. प्रभारी, एम0आई0एस0 प्रकोष्ठ को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
7. परीक्षा नियंत्रक कार्यालय।

28/X/2021

**सहायक कुलसचिव**